# पूर्व मध्य रेल

कार्यालय
महाप्रबंधक/इंजीनियरिंग
हाजीपुर

सं–डब्लू–1/433/05/मोहना चौक/

दिनांकः ०७ .08.2021

**आदरणीय श्री नितीश मिश्रा जी,**

विषयः–सकरी निर्मली रेलखण्ड पर एन एच 57 पर मोहना चौक से झंझारपुर शहर जाने वाली पथ पर रेलवे कासिंग पर आरओबी के निर्माण के संबंध में।

संदर्भः– सहा. उप महाप्रबंधक/पूमरे/हाजीपुर का पत्रांक–ईसीआर/एडीएम/पीजी/एमपीएमएलए/95/21, दिनांक 20.07.2021 ((विषयांकित मद के सम्बंध में श्री नितीश मिश्रा, सदस्य, बिहार विधानसभा, द्वारा महाप्रबंधक/पूमरे/हाजीपुर को लिखा गया पत्रांक 229/2021 दिनांक–12.07.2021।

**महाशय,**

उपरोक्त संदर्भित पत्र के माध्यम से ज्ञात हुआ कि आपने सकरी निर्मली रेलखण्ड पर एन एच 57 पर मोहना चौक से झंझारपुर शहर जाने वाली पथ पर रेलवे कासिंग पर आरओबी के निर्माण के सबंध में अनुरोध प्रस्ताव रेलवे को प्रेषित किया है।

इस सबंध में यह सूचित करना है कि विषयाकिंत ढाला जो झंझारपुर–लोकहाबाजार रेल खण्ड में अवस्थित है एवं यह खण्ड वर्तमान में अमान परिर्वतन हेतु बंद है। अमान परिर्वतन का कार्य पूर्ण होने के उपरान्त सीआरएस निरीक्षण की औपचारिकता की जायेगी एवं रेल खण्ड पर ट्रेन परिचालन प्रारम्भ किया जायेगा।

ट्रेन परिचालन प्रारंभ होने के बाद उक्त ढाला/फाटक टी भी यू की गणना की जायेगी एवं 01 लाख से ज्यादा पाये जाने पर आर ओ बी के निर्माण कार्य राज्य सरकार की सहभागिता प्राप्त होने पर प्रस्तावित किया जायेगा।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

05/08/21

(विनोद कुमार)
उप मुख्य इंजीनियर/सामान्य

श्री नितीश मिश्रा,
सदस्य, बिहार विधानसभा,
112, कौटिल्य नगर,
पटना–800014

**प्रतिलिपि**– सहा. उप महाप्रबंधक/पूमरे/हाजीपुर को संदर्भित पत्र के आलोक में सूचनार्थ प्रेषित।

**अंजली गोयल**
महाप्रबंधक
**Anjali Goyal**
**General Manager**

**पूर्व मध्य रेल**
हाजीपुर-844101
**East Central Railway**
**Hajipur – 844101**

Phone: + 91-6224-274728, Fax – 271513, 274738
E-mail: gm@ecr.railnet.gov.in

संख्याः ईसीआर/एडीएम/पीजी/एमपीएमएलए/95/2021, दिनांकः .07.2021

**माननीय श्री नीतीश मिश्रा जी,**

विषयः सकरी निर्मली रेलखंड पर एनएच 57 पर मोहना चौक से झंझारपुर शहर जानेवाले पथ पर रेलवे क्रासिंग पर आरओबी के निर्माण के संबंध में।

संदर्भः आपका पत्रांकः 229/221, दिनांकः 12.07.2021

***

उपरोक्त विषयांतर्गत आपका पत्र पाप्त हुआ है। पत्र में वर्णित बिन्दुओं की जांच नियमानुसार की जायेगी।

सादर प्रेषित।

भवदीया

ANJALI GOYAL Digitally signed by ANJALI GOYAL Date: 2021.07.23 14:01:04 +05'30'

(अंजली गोयल)

श्री नीतीश मिश्रा
माननीय सदस्य, बिहार विधान सभा
112, कौटिल्य नगर,
पटना- 800014
(बिहार)

**नीतीश मिश्रा**
**पूर्व मंत्री**
बिहार सरकार

**सदस्य**
**बिहार विधान सभा**

**Ref: 229/2021**
**Dt- 12-7-2021**

**महाप्रबंधक,**
**पूर्व मध्य रेल,**
**हाजीपुर (बिहार)।**

विषयः—**सकरी—निर्मली रेलखंड परएन0एच0—57 मोहना चौक से झंझारपुर शहर जानेवाली पथ में रेलवे क्रासिंग पर रोड ओवर ब्रिज निर्माण कराने के संबंध में।**

**महाशया,**

मधुबनी जिलान्तर्गत मेरे विधान सभा क्षेत्र झंझारपुर नगर पंचायत के बीच से झंझारपुर जं0 से लौकहा जानेवाली रेल लाईन का बड़ी लाईन में अमान परिवर्त्तन का कार्य किया जा रहा है। एन0एच0—57 मोहना चौक से झंझारपुर जाने में रेलवे क्रासिंग पार करना होगा। यह इलाके के निवासियों को झंझारपुर अनुमंडल मुख्यालय आने का प्रमुख मार्ग है, जहां प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होता है।

झंझारपुर शहर में अनुमंडल कार्यालय, निबंधन कार्यालय, स्टेडियम, न्यायालय, अनुमंडलीय अस्पताल, बैंको की शाखाएँ, पुलिस कार्यालय, हाट—बाजार , व्यायसायिक प्रतिष्ठान, आई0टी0आई0 पोलिटेक्निक कॉलेज, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों आदि अनेक शिक्षण संस्थाएँ हैं। झंझारपुर में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

झंझारपुर में अमान परिवर्तन के बाद की स्थिति लोगों का आवागमन में बढ़ोतरी, छोटी एवं बड़ी गाड़ियों के बढ़ते दबाव एवं आगामी वर्षों में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल प्रारम्भ होने के उपरांत रोगियों की संख्या में बढ़ोतरी के साथ आवागमन में अधिक समय लगने के कारण जनहित में एन0एच0—57 मोहना चौक से झंझारपुर जानेवाली पथ में रेलवे क्रासिंग पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कराना आवश्यक है।

अतः अनुरोध है कि शहर के निवासियों को सड़क पर बढ़ते दबाव की समस्या के निराकरण एन0एच0—57 मोहना चौक से झंझारपुर जानेवाली पथ में रेलवे क्रासिंग पर रोड ओवर ब्रिज के निर्माण हेतु समुचित कार्रवाई करना चाहेंगी।

**शुभकामनाओं के साथ!**

भवदीय

Nitish Mishra

**(नीतीश मिश्रा)** 12·7·21

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in